डॉ. गया प्रसाद शर्मा

ग्रंथ-विशेषता

प्रस्तुत ग्रंथ 'मानस के तत्सम शब्द' में वैदिक काल से तुलसी-काल तक के मानस के तत्सम शब्द किन छवियों को समाविष्ट किये रहे हैं; उनमें शनैः-शनैः क्या परिवर्तन हो गये, क्या छूट गया, क्या नया आ गया, परिवर्तन की दिशा किस ओर रही—यह एक ऐतिहासिक विवेचन है। नये अनुच्छेद में मानस के तत्सम शब्दों के सभी अर्थों को आरोह-अवरोह क्रम में रखा गया है जिससे कवि के मानस में बिम्बित छवियों की प्रधानता-अप्रधानता स्पष्ट हो सकी है। उदाहरणार्थ, 'कुटिल', 'मधुर' आदि शब्दों की व्याख्या, मानस के प्रत्येक तत्सम शब्द की अनेकार्थकता तथा प्रत्येक भिन्न अर्थ की आवृत्ति का क्रमानुसार विवेचन ही ग्रंथ की सर्वाधिक उपयोगिता है। यथा—'गति' शब्द की व्याख्या। कतिपय तत्सम शब्दों की पाद-टिप्पणियाँ भी लिखी गयी हैं जो भाषाशास्त्र एवं भाषाकाव्य की सूचक हैं। जैसे—अधर, अनिल, अनृत, अलि, असुर, आमन, उपवास, कूल, खल, ढोल, ताटंक, तापस, दंड, पापी, प्रीति, मसि, समूह, सादर, साहस आदि-आदि।

प्रस्तुत ग्रंथ की सहायता से ही 'रामचरित-मानस' के तुलसी की आत्मा की सच्ची परख सम्भव है जिसे अन्य टीकाकार दर्शाने में सर्वथा असमर्थ रहे हैं। इस प्रकार यह ग्रंथ शोधार्थियों, धर्मपिपासुओं, प्रवचनकर्ताओं एवं विद्वानों के प्रति एक मौलिक देन ही है।

मानस के तत्सम शब्द

डॉ० गयाप्रसाद शर्मा
एम० ए० (हिन्दी, संस्कृत), पी-एच० डी०
प्रवक्ता (हिन्दी)
नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय
शिकोहाबाद (उ० प्र०)

हिन्दुस्तानी एकेडेमी
इलाहाबाद

समर्पण

श्रद्धेय गुरुवर डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' के कर्मठ
करों में आदर एवं प्रणतिपूर्वक, जिनकी ज्ञान-
ज्योति से मुझे भी एक किरण मिली
और जिनके चरणों में बैठकर
यह ग्रन्थ लिखा
गया ।

प्रकाशकीय

भाषा मनोयात्रा को परिचालित करने वाली वह शक्ति है जो मानव-समाज द्वारा स्वयं विकसित हुई है और उसे निरन्तर गतिशील बनाती रही है। ब्रह्म स्वयं अपनी सृष्टि में जिस पर सबसे अधिक मुग्ध हुए, वह वाग्देवी ही भाषा को शब्दार्थमयी दिव्य चेतना प्रदान करती है जिसे भारतीय मनीषा ने विशेष गौरव दिया है। कात्यायन की धारणा—'सिद्धे शब्दार्थ सम्बन्धे' पाश्चात्य विचारकों को असाधारण लग सकती है, परन्तु भारतीयता उसे सहज रूप से ग्रहण करने में कोई कठिनाई का अनुभव नहीं करती, क्योंकि उसकी दृष्टि प्रारम्भ से ही तलस्पर्शी रही है। परा-पश्यन्ती-मध्यमा-बैखरी जैसी चार कोटियाँ तथा चौदह प्रतिबन्धकों की सरणि इस बात का प्रमाण है कि वागर्थ को आध्यात्मिक और भौतिक दोनों दृष्टियों से असाधारण महत्त्व मिला है। 'गिरा अरथ जल बीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न' की प्रतीति मानसकार को वाल्मीकि और कालिदास की परम्परा का सजीव अनुभव करने से ही हुई, ऐसा निर्भ्रान्त रूप से कहा जा सकता है। तुलसी ने जिस सांस्कृतिक निधि से लोकभाषा को जोड़ दिया, वह सन्तों और सूफियों से भिन्न दिशा का अनुसरण करती दिखायी देती है। उसमें संस्कृत और वैदिक धारा का विरोध समाहित नहीं रहा, इसीलिए उसकी व्याप्ति अधिक दूरवर्ती तथा उदार प्रतीत होती है।

'मानस' जैसी सुगम-अगम उभयात्मक अद्वितीय रचना का उसकी बहुविध लोक-चेतना को परिसीमित करके केवल तत्सम शब्दों तक अपनी इयत्ता मानकर एक सार्थक एवं शोधात्मक अनुशीलन प्रस्तुत करना निश्चय ही एक असामान्य उपलब्धि कही जायेगी। डॉ० गयाप्रसाद शर्मा ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय से डॉ० अम्बाप्रसाद 'सुमन' के सुयोग्य निदेशन में जो शोधग्रंथ 'रामचरितमानस के तत्सम शब्दों का ऐतिहासिक अध्ययन' नाम से प्रस्तुत किया, यह कार्य उसी पर आधारित है। यद्यपि वर्तमान शीर्षक में ऐतिहासिक शब्द अनुपस्थित है, तथापि उसकी मूल चेतना का संस्कार इसके अध्येताओं को सहज ग्राह्य तथा प्रेरक लगेगा। स्व० डॉ० गोवर्द्धननाथ शुक्ल का अभाव इसके प्रकाशन-अवसर पर उन सभी को क्लेशकर लगेगा जो इस संकल्प में उनके योगदान से सुपरिचित रहे होंगे। इसकी सुचिन्त्रित 'भूमिका' में डॉ० सुमन ने अपने सतीर्थ को जिस भाव से स्मरण किया है, वह उनकी संस्कारशीलता का प्रमाण है। इस ग्रंथ के लेखक का आदर-भाव दोनों के प्रति समान रूप से द्रष्टव्य है।

हिन्दुस्तानी एकेडेमी ने 'अर्थविज्ञान और व्याकरण-दर्शन' तथा 'तुलसी शब्द-सागर' जैसे अनेक प्रकाशन किये हैं जिनसे इसकी संगति का अनुभव विद्वद् वर्ग अवश्य

करेगा। लेखक ने यद्यपि गीताप्रेस, गोरखपुर के 'मानस' संस्करण को ही आधार बनाया है, तथापि मानस के मर्मज्ञ स्वर्गीय डॉ० माताप्रसाद गुप्त तथा पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र के द्वारा सम्पादित अन्य संस्करणों को भी दृष्टि में रखेंगे जिससे पाठान्तरों पर भी विचार किया जा सके। 'मानस' में ऐसे अनेक शब्द हैं जो तत्सम के अतिरिक्त अर्ध-तत्सम तथा देशज रूप में भी प्रयुक्त हुए हैं। इनका अनुपात तत्सम शब्दों की अपेक्षा कितना न्यूनाधिक है, यह भी इस ग्रंथ के प्रकाशन से विचार का विषय बनेगा और अन्य लोगों को ऐसे कार्य की प्रेरणा देगा। शब्दों के तत्सम प्रयोगों को यदि अनुशीलनकर्ता ने उनकी विविध अर्थ-छायाओं का ध्यान करके सूक्ष्म रूप से प्रस्तुत न किया होता, तो इसकी महत्ता इतनी न होती जितनी नयी प्रक्रिया अपनाने से हो गयी है। तुलसी की शब्द-सम्पत्ति का सार्थक आनयन, वह भी एक विशेष धरातल पर, नयी सूझ-बूझ के साथ, अवश्य ही स्वागतयोग्य माना जायेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

जगदीश गुप्त
सचिव एवं कोषाध्यक्ष

प्रयाग, २५-२-८६

भूमिका

[डॉ० अम्बाप्रसाद 'सुमन', डी० लिट्०]

'यद्यपि शब्द और अर्थ अभिन्न हैं, किन्तु अव्यक्त अर्थ शब्द द्वारा ही व्यक्त होता है। अर्थ में भाव को समाविष्ट समझना चाहिए। महात्मा तुलसी कविता में तीन तत्त्व ही प्रमुख मानते हैं : (१) अनूप अर्थ, (२) सुन्दर भाव, (३) सुन्दर भाषा (मानस, बाल० ३७/६)। अर्थ का सौन्दर्य एक प्रकार से शब्द का ही सौन्दर्य है।

अर्थ को शृङ्गार-समन्वित करने के लिए शब्द को भी शृङ्गार-समन्वित होना पड़ता है। अर्थ का ओज शब्द के ओज पर निर्भर है। अर्थ का माधुर्य शब्द के माधुर्य पर आधृत है। शब्द और अर्थ को अलग-अलग समझने के लिए दोनों को भिन्न भी कह दिया जाता है। वैयाकरण शब्द को स्फोटरूप और मीमांसक वर्णरूप मानता है। शब्द को सुनकर जो भाव, विचार या बिम्ब श्रोता के मानस-पटल पर आता है, वही शब्द का अर्थ है। 'शब्द' में से अर्थ का अमृत बूँद-बूँद करके झरता है और मूसलाधार रूप में भी।

शब्द का महाविराट् विश्वरूप ही 'साहित्य' है। साहित्य के मर्म को वही पूर्णरूपेण समझ सकता है जिसने 'शब्द' को और उसके 'अर्थ' को अच्छी तरह जान लिया हो। भगवान् श्रीकृष्ण के विश्वरूप को अर्जुन तभी देख सका था जब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिव्य चक्षु प्रदान कर दिये थे। साहित्य का सच्चा गंभीर पाठक भी शब्द के विराट् अर्थ को तभी अपने अन्तर्जगत् में देख सकता है जब उसने अपने ज्ञान का तीसरा नेत्र खोल लिया हो और उसमें गुरुओं तथा ग्रन्थाध्ययन से दिव्य ज्योति भर ली हो।

पतंजलिकृत 'व्याकरण महाभाष्य' में उल्लेख है कि यदि एक शब्द का ही पूरी तरह अर्थ और प्रयोग जान लिया जाए, तो वह स्वर्ग और लोक में इच्छाओं की पूर्ति कर देता है—

"एकः शब्दः सम्यग् ज्ञातः शास्त्रान्वितः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके कामधुग्भवति"
(महाभाष्य)

संस्कृत के आचार्यों का यह कथन सत्य ही है कि अवैयाकरण अन्धा और कोशज्ञानरहित व्यक्ति बहरा होता है—

"अवैयाकरणस्त्वंधः बधिरः कोशविवर्जितः"

साहित्य का अध्ययन एक प्रकार से 'शब्द' और 'अर्थ' का ही अध्ययन है। मेरे श्रद्धेय गुरुवर (स्व०) डॉ० वासुदेवशरण जी अग्रवाल ने एक बार शब्द और अर्थ के सम्बन्ध में 'विश्वभारती' में लिखा था—

" 'शब्द' वाक् है और 'अर्थ' मन है। 'शब्द' और 'अर्थ' के बीच जब प्राण का मेरुदण्ड जुड़ता है, तभी जीवन में कर्म के द्वारा अर्थ की तहें खुलने लगती हैं। शब्द के अध्ययन का फल अर्थ का ज्ञान है। अध्ययन का व्रत लेकर भी जिसने अर्थ को नहीं जाना, या जानने की सचाई से कभी प्रयत्न नहीं किया, या प्रयत्न करता हुआ भी जो अपने संकल्प को विजयी नहीं बना सका, उस अधीती के लिए शोक है। अर्थ का साक्षात्कार ज्ञान का सार और साहित्य का अंतिम फल है। हे मनीषियो! मन से इस अर्थ को पूछो और रस के दिव्य स्वाद को प्राप्त करो।"

साहित्य के मर्म को वही समझ सकता है जो शब्द और अर्थ के सम्बन्ध को समझता है। भोज ने 'शृंगारप्रकाश' में शब्द और अर्थ के सम्बन्ध को ही साहित्य कहा है—"यः शब्दार्थयोः सम्बन्धः साहित्यमुच्यते" (शृङ्गारप्रकाश)। राजशेखर ने भी 'काव्यमीमांसा' (द्वितीय अध्याय) में शब्द और अर्थ के सहभाव को 'साहित्यविद्या' बतलाया है।

शब्द का सम्बन्ध नाभिचक्र और हृदयचक्र से है और अर्थ का सम्बन्ध आज्ञाचक्र तथा सहस्रारचक्र से है। साहित्य में शब्द का अर्थ शिवत्वमूलक है, इसलिए आगमों में शिव को सहस्रार में बताया गया है।

रसात्मक वाक्य ही 'काव्य' नहीं होता, अपितु रसात्मक शब्द भी काव्य होता है। सार्थक वर्णसमूह ही शब्द है। महात्मा तुलसीदास ने रसपूर्ण वर्णों की कारणशक्ति ही सरस्वती जी को माना है।

जहाँ 'शब्द' आकाश का गुण माना गया है, वहाँ शब्द से तात्पर्य केवल नाद अर्थात् ध्वनि से है। साहित्य में तो वर्णात्मक शब्द का ही महत्त्व है। वर्णात्मक शब्द में दो प्रकार का अर्थ निवास करता है—(१) सामान्य अर्थ, (२) विशिष्ट अर्थ। शास्त्र और प्रसंग के अनुसार विशिष्ट अर्थ भिन्न-भिन्न हो जाते हैं। प्रयोग तथा प्रसंग से शब्द की अर्थच्छवि भी परिवर्तित हो जाती है।

काव्यस्रष्टा कवि प्रसंगानुसार अपने भावों में सौन्दर्य तथा प्रभाव उत्पन्न करने के लिए शब्दों को विचलित अर्थ में भी प्रयुक्त करता है। भारतीकण्ठ कवि शिरोमणि महात्मा तुलसीदास ने भी 'पापी' और 'प्रीति' शब्दों का प्रयोग विचलित अर्थ में किया है। "राम तोर भ्राता बड़ पापी" (बाल० २७७/६) में 'पापी' का अर्थ 'उद्दण्ड' है। "भय बिनु होइ न प्रीति" (सुंदर० ५७/-) में प्रीति का अर्थ है 'अनुशासन' (आज्ञापालन)।

संस्कृत का एक शब्द है 'एषणा', जिसका अर्थ है 'इच्छा'। 'इच्छा' अर्थ में तुलसी ने 'एषणा' का प्रयोग न करके 'ईषना' का प्रयोग किया है। यह तुलसी का अपना प्रयोग है। 'रामचरितमानस' के उत्तरकाण्ड में तुलसी लिखते हैं—

"सुत बित लोक ईषना तीनी" (उत्तर० ७१/६)।

'ईषना' का प्रयोग 'एषणा' अर्थ में मानस में तीन स्थलों पर किया गया है और वह उत्तरकाण्ड में ही है। साहित्यकार ऐसा **शब्द-विचलन** भी कर दिया करता है। शब्दार्थ-मर्मी को इसे भी देखना पड़ता है।

इतना ही नहीं, शब्दमर्मी अध्येता को यह भी देखना पड़ता है कि विशेष्य किस प्रकार अपने विशेषण का अर्थ बदल देता है। **'मधुर अधर'** और **'मधुर फल'** में **'मधुर'** शब्द का समान अर्थ नहीं है। अर्थ निश्चितरूपेण पृथक्-पृथक् हैं। मनीषी भर्तृहरि ने शब्द के अर्थ दो प्रकार के बताये हैं—(१) स्थायी अर्थ, (२) आधुनिक अर्थ। इसका समर्थन करते हुए शब्दशास्त्री प्रो० फर्थ ने ठीक ही कहा है कि शब्द में अर्थ दो प्रकार का होता है—(१) **सामान्य अर्थ**, जो बीज रूप में रहता है और सदा एक ही होता है। (२) **विशेष अर्थ**, जो प्रासंगिक होता है। प्रसंगानुसार विशेष अर्थ अनेक हो सकते हैं। **'मधुर फल'** में 'मधुर' सामान्य अर्थ में है जिसका सम्बन्ध जिह्वा द्वारा प्राप्त आस्वाद से है। कालान्तर में **'मधुर'** शब्द प्रसंगानुसार अन्य अर्थों में भी प्रयुक्त होने लगा है। महाकवि कालिदास ने नेत्रों को सुन्दर लगने वाली वस्तु या व्यक्ति को भी मधुर कहा है—"किमिव हि **मधुराणां** मण्डनं नाकृतीनाम्" (कालिदास, अभिज्ञान-शाकुं०, अंक १/श्लोक १९)।

शोधपंडित श्री गयाप्रसाद शर्मा की दृष्टि मानस के तत्सम शब्दों के अध्ययन के समय इसी तरह के अनेक प्रासंगिक अर्थों को पकड़ने का सतत प्रयास करती रही है। अपने इस प्रयास में श्री शर्मा पूर्ण सफल रहे हैं।

कोशविज्ञान और कोशकला का अध्येता ही शब्द के मर्म को समझने की क्षमता रखता है। **'कोशविज्ञान'** कोश बनाने के सिद्धान्तों का विवेचन करता है और **'कोशकला'** उन सिद्धान्तों का प्रयोग करके भाषा की उपयोगिता बताती है।

कोशलेखन में शब्दार्थ लिखते समय निम्नांकित बातों का ध्यान रखना पड़ता है—(१) वर्तनी, (२) उच्चारण, (३) अक्षर-विभाजन, (४) व्याकरण, (५) व्युत्पत्ति, (६) अर्थ, (७) प्रयोग।

भारतवर्ष में ईसा से १००० वर्ष पहले कोश-रचना प्रारम्भ हो चुकी थी। सर्व-प्रथम वैदिक कोश 'निघण्टु' की रचना हुई। यास्क (ई० पू० ७०० वर्ष) ने अपने ग्रन्थ 'निरुक्त' में वैदिक शब्दों की निरुक्ति देकर उनके अर्थों पर प्रकाश डाला है।

हिन्दी का सबसे पहला शब्दकोश सन् १८२९ ई० में पादरी एडन ने तैयार किया था। हिन्दी शब्दकोशों में **'हिन्दी शब्दसागर'** (नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी) और **'मानक हिन्दी कोश'** (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग) प्रशंसनीय प्रयास हैं। 'हिन्दी-शब्द-सागर' की रचना सन् १९१२ से १९२८ ई० तक होती रही। 'मानक-हिन्दी-कोश' को (स्व०) रामचन्द्र वर्मा ने सन् १९५२ से १९६६ ई० तक तैयार किया।

'हिन्दी शब्दसागर' यद्यपि हिन्दी का बहुत विशाल शब्दकोश है और अक्षर-विभाजन को छोड़कर उसमें शब्द की व्युत्पत्ति, अर्थ और प्रयोग भी दिये गये हैं, तो भी उसमें वर्णक्रम तथा व्युत्पत्ति-प्रस्तुति में यत्र-तत्र कुछ भूलें हो गयी हैं ।

हिन्दी भाषा में स्वर-क्रम की दृष्टि से अ पहले आता है और बाद में अं, अः आते हैं । 'हिन्दी शब्दसागर' (षष्ठ संस्करण) में 'अंश' शब्द पहले लिखा गया है, 'अऊत' उसके बाद में ।

'सेंतना' शब्द को दो वर्तनियों में लिखा गया है—(१) **'सेंतना'**, (२) **'सैंतना'** । **'उड्डीयमान'** शब्द को संस्कृत **'उड्डीयमत्'** से व्युत्पन्न माना गया है, जबकि 'उड्डीय-मान' में शानच् (मान) प्रत्यय है । इसको सम्पादकों ने तद्धितान्त माना है, जबकि **'उड्डीयमान'** कृदन्त है । इसका अर्थ है—'उड़ता हुआ ।' व्याकरण की दृष्टि से उड्डीयमान वर्तमानकालिक कृदन्त है ।

उसी 'हिन्दी शब्दसागर' में **'नाहर'** शब्द को सं० 'नखरायुध' से व्युत्पन्न माना गया है, जबकि **'नाहर'** शब्द **'नाखर'** से व्युत्पन्न है—सं० **'नाखर'-'नाहर'** । सिंह के नख ही प्रमुख हैं । अपने पंजों के नाखूनों से वह प्रहार करता तथा वन्य पशुओं को मारता है ।

भाषा शब्दकोशों में **द्विभाषा कोश** भी होते हैं । इनमें शब्द किसी एक भाषा के रहते हैं और अर्थ किसी दूसरी भाषा में लिखे जाते हैं । सर्वश्री चतुर्वेदी, द्वारका-प्रसाद शर्मा और पंडित तारिणीश झा द्वारा संपादित 'संस्कृत शब्दार्थ कौस्तुभ' को द्विभाषा कोश माना जा सकता है । इसमें संस्कृत भाषा के शब्दों के अर्थ हिन्दी भाषा में लिखे गये हैं और संस्कृत शब्दों की व्युत्पत्तियाँ भी दी गयी हैं । परन्तु शब्दों के प्रयोग नहीं दिये गये । शब्दों के प्रयोग की दृष्टि से श्री वामन शिवराम आप्टे द्वारा संपादित 'संस्कृत-इंगलिश डिक्शनरी' संस्कृत का एक महत्त्वपूर्ण तथा प्रामाणिक कोश है ।

भाषा शब्दकोशों के अन्तर्गत ही **पुस्तक कोश** समाविष्ट हैं । ऐसे कोशों में किसी एक पुस्तक में आये हुए शब्दों को अकारादि क्रम से सँजोकर उनके अर्थ दिये जाते हैं । तुलसीकृत 'विनयपत्रिका' पर आधृत **'विनयकोश'** (संपादक महावीरप्रसाद मालवीय) और 'रामचरितमानस' के प्रमुख शब्दों का **'रामायण कोश'** (संपादक केदार-नाथ भट्ट) एक प्रकार से पुस्तक कोश ही हैं ।

इसी द्विभाषी पुस्तक कोश शृंखला में डॉ० गयाप्रसाद शर्मा द्वारा संपादित **'रामचरितमानस के तत्सम शब्दों का ऐतिहासिक अध्ययन'** ग्रंथ को लिया जा सकता है । परन्तु यह कोश शोधात्मक है और शब्द-प्रयोग की आवृत्ति-संख्या को संदर्भ-सहित इंगित करता है । 'मानस' के तत्सम शब्दों में कोई तत्सम शब्द तुलसी ने कितने

भिन्न-भिन्न अर्थों में प्रयुक्त किया है, इसको सन्दर्भसहित प्रस्तुत कोश में ही पहली बार हिन्दी जगत् के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। ऐसी शब्द-साधना निश्चितरूपेण एक तपश्चर्या है।

संपूर्ण 'रामचरितमानस' में 'अनन्त' शब्द तीन अर्थों में प्रयुक्त किया गया है—(१) अन्तरहित, (२) शेषावतार लक्ष्मण, (३) भगवान् राम।

अधीती शोध पंडित गयाप्रसाद शर्मा ने अपनी कृति में लिखा है—
अनंत : अंतरहित।

"राम अनंत अनंत गुण"—१/३३/-, १/११३/४, १/१२८/५, १/१४३/४, ३/३१छं०, ६/७२/११, ६/७६/४, ६/८२छं०, ६/१०७/-, ७/३३/२, ७/५१/३, ७/५१/२, ७/९०/३

शेषावतार लक्ष्मण।

"चलेउ तुरंत अनंत"—६/७५/-, ६/७५/७

भगवान् राम।

"प्रिय संत अनंत सदा तिन्ह कें"—६/१३छं०६, ७/१०८/१२

अर्थ के साथ प्रस्तुत संदर्भ-संख्याओं में प्रथम संख्या काण्ड को, द्वितीय संख्या दोहे को और तृतीय संख्या अर्द्धाली को इंगित करती है।

इतना ही नहीं, पर्यायवाची शब्दों में जो अर्थच्छवियों का अन्तर पाया जाता है, उन्हें भी प्रस्तुत कोश में स्पष्ट किया गया है। सामान्यतया **'पवन', प्रभंजन', 'मारुत'** का अर्थ कोशों में **'हवा'** लिख दिया जाता है। कोशकार डॉ० गयाप्रसाद शर्मा ने बड़ी सूक्ष्म दृष्टि से स्पष्ट किया है कि **'प्रभंजन'** का अर्थ प्रचण्ड वायु और **'पवन'** का अर्थ प्रशान्त वायु है। **'मारुत'** को पवन और प्रभंजन की मध्यवर्तीय वायु माना जा सकता है। प्रस्तुत अर्थों को तुलसीकृत 'मानस' के उदाहरणों से प्रस्तुत ग्रंथ में संपुष्ट किया गया है।

तुलसीकृत 'रामचरितमानस' में **'खेद'** शब्द दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है—(१) मानसिक दुःख, (२) शारीरिक दुःख, अर्थात् थकावट। कितनी बार मानसिक दुःख के अर्थ में और कितनी बार थकावट के अर्थ में **'खेद'** शब्द प्रयुक्त किया गया है—इसका प्रमाण-संदर्भ पूरी तरह छानबीन कर लिखा गया है। कुछ विशिष्ट शब्दों को पाद-टिप्पणियों सहित भी स्पष्ट किया गया है।

कभी-कभी काव्य-सर्जना के क्षणों में कवि हृदय के क्षेत्र से हटकर बुद्धि की भूमि पर भी विचरण करने लगता है। तब वह ऐसे गूढ़ तथा अप्रचलति शब्दों का प्रयोग कर देता है, जिनके अर्थ समझने में मस्तिष्क को बहुत व्यायाम करना पड़ता है। **'जल'** के अर्थ में **'बन'** शब्द ऐसा ही है। 'अमरकोश' में जल के पर्यायवाची

'जीवन', 'भुवन' और 'वन' हैं तो सही, लेकिन साहित्य में जल के अर्थ में 'वन' शब्द बहुत ही कम प्रयुक्त होता है। तुलसीदास जी को भी 'वन' शब्द की पहेली फेंकने की सूझी और नाव के लिए कवितावली में 'बनबाहन' (कविता०; अयो० छंद ७) शब्द का प्रयोग कर दिया। 'बनबाहन' = जल की सवारी, अर्थात् नाव। ऐसे कूटार्थी शब्दों के अर्थ जानने के लिए शब्दार्थी मर्मी पाठक को प्राचीन कोशों का भी अध्ययन करना पड़ता है। श्री गयाप्रसाद शर्मा को अपने शोधकार्य के काल में अनेक प्राचीन कोशों का भी आलोड़न-विलोड़न करना पड़ा है।

'सादर' शब्द का सामान्य अर्थ है 'अादरसहित', लेकिन तुलसीदास जी ने 'मानस' में इसका प्रयोग उत्सुकता के अर्थ में भी किया है—''जननिन्ह सादर बदन निहारे'' (मानस०, बाल०, २५८/८)। शोधार्थी ने ऐसे दुर्लभ अर्थों को भी खोज निकाला है, भले ही उसे 'रामचरितमानस : वाग्वैभव' ग्रन्थ के आलोक में यात्रा करनी पड़ी हो। साहित्य के सौन्दर्य को समझने के लिए वक्र शब्द और वक्र अर्थ को भी समझना पड़ेगा। वास्तव में वक्र शब्द और वक्र अर्थ का संयोग ही साहित्य है। आचार्य कुन्तक इसका समर्थन करते हैं। इसे आई० ए० रिचर्ड्स ने भी स्वीकार किया है। प्रसिद्ध आलोचक रिचर्ड्स का मत है कि विज्ञान का ग्रन्थ तो अभिधेय अर्थ के लिए सामान्य भाषा को ही ग्रहण करता है; लेकिन साहित्यिक कृति या काव्यकृति में लक्षणा-व्यंजना के साथ लक्ष्यार्थ अथवा व्यंजनार्थ ही प्रधान होता है। उसके लिए साहित्यकार वक्रोक्ति के साथ ही अपनी बात कहता है। अतः साहित्य के मर्म की अवगति के लिए वक्र शब्द के वक्र अर्थ की पहचान करनी होगी। वक्र अर्थ को जानने के लिए पाठक को समाज-भाषाविज्ञान का भी अवगाहन करना पड़ेगा। माता और पुत्र में सामाजिक स्तर पर क्या और कैसा सम्बन्ध होता है—इसे समझने के बाद ही ''जननिन्ह सादर बदन निहारे'' की अर्थावगति हो सकती है। माताएँ पुत्रों को आदरसहित नहीं, अपितु उत्सुकतासहित ही देख सकती हैं। कोशों में 'आदर' शब्द का अर्थ उत्सुकता मिलता भी है।

अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि माताएँ अपने पुत्रों को उत्सुकता से देखती हैं, तब पाठक क्यों उत्सुकता-भाव से अभिभूत होते हैं? तुलसीकृत 'मानस' के राम तथा अन्य भ्राता सभी पाठकों के लिए सुन्दर हैं, क्योंकि समाज के स्तर पर राम तथा अन्य भाई रूप, शील और कर्म में सभी के लिए सुंदर हैं। सौन्दर्य की सृष्टि में व्यक्ति एवं समाज समाविष्ट है। लोकहृदय को वे ही सुंदर हो सकते हैं जो माताओं के लिए सुंदर हैं। तभी तो सब पुत्रों के साथ पाठकों का साधारणीकरण होता है। तुलसी को लोकहृदय की पहचान है। लोकहृदय की पहचानवाला ही साधारणीकरण की स्थिति ला सकता है। श्रीरामादि लोक के हृदय हैं, इसलिए तुलसीकृत 'मानस' की स्वभावोक्ति तथा वक्रोक्ति दोनों ही पाठकों को रस प्रदान करती हैं।

प्रियवर शिष्य गयाप्रसाद ने **'रामचरितमानस'** के तत्सम शब्दों का यह अभिनव और मौलिक कोश तैयार करके पुस्तक-कोशों की शृंखला में एक परिश्रम-साध्य एवं विलक्षण शोधकार्य हिन्दी-जगत् के समक्ष प्रस्तुत किया है।

हमारे प्राचीन मनीषियों ने **'शब्द'** को ब्रह्म माना है। शब्द की खोज ब्रह्म की खोज है। पंच ज्ञानेन्द्रियाँ पंचतत्त्वों को देख सकती हैं। मन और बुद्धि भाव, विचार और तर्क को देख सकते हैं। शुद्ध आत्मा ही ब्रह्म को देख सकती है। शब्द ब्रह्म के दर्शन वही अध्येता कर सकता है जो बुद्धि से परे अपनी आत्मा में भी कुछ क्षणों के लिए बैठा हो। यह साधना वास्तव में समाधियोग है।

कोशों में एक शब्द के अनेक अर्थ दिये जाते हैं। शब्दार्थ का अध्येता प्रसंगागत शब्द का अर्थ निश्चित करने के लिए महती गम्भीर साधना करता है। तब वह अन्तः-साक्ष्य के साथ बहिःसाक्ष्य के प्रमाण भी जुटाता है। तत्पश्चात् नीर-क्षीर-विवेकिनी बुद्धि से प्रसंगागत शब्द के अर्थ को निश्चित करता है। उसे इतिहास तथा भूगोल का भी अध्ययन करना पड़ता है। निष्ठावान् तथा सच्चा सारस्वत शब्दार्थमर्मी ही ऐसा कर सकता है।

'श्रीरामचरितमानस' की टीका (गीता प्रेस, गोरखपुर) में अयोध्याकाण्ड के १९८वें दोहे में आये हुए **'सिसुपा'** शब्द का अर्थ अशोकवृक्ष लिखा गया है। **'सिसुपा'** का एक अर्थ **'सीसम** भी है। अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि वहाँ **अशोक** अर्थ संगत है या **सीसम**? इसके लिए भूगोल का अध्ययन भी आवश्यक है। **सिंगरौर (शृंगवेरपुर)** इलाहाबाद से उत्तर-पश्चिम दिशा में गंगा नदी के किनारे पर ३० कि० मी० दूर अवस्थित है। इस क्षेत्र में आज भी अनेक सीसम के पेड़ हैं। अशोकवृक्ष वहाँ एक भी नहीं है। प्रकृति में भाव का अभाव कभी नहीं होता। अतः १९८वें दोहे के **सिसुपा** शब्द का अर्थ **'सीसम'** करना ही समीचीन है। जिन टीकाकारों ने **सिसुपा (मानस०, अयो०, १९८/-)** का अर्थ अशोकवृक्ष किया है, वह अर्थ संगत नहीं है।

काव्यस्रष्टा कवि कभी-कभी अपनी काव्य-सर्जना के समय शब्द को अपनी इच्छा से परिवर्तित भी कर देता है। हम इसे शब्द का विचलन भी कह सकते हैं। **'सुख देनेवाला'** के अर्थ में **'सुखदाता'** या **'सुखदायक'** प्रचलित शब्द हैं। कविकुल-शिरोमणि महात्मा तुलसीदास **'भिनुसारा'** का तुकान्त मिलाने के लिए 'मानस' में **'सुखदारा'** का प्रयोग **सुखदाता** के अर्थ में करते हैं—

"कहत राम गुन भा भिनुसारा। जागे जगमंगल सुखदारा॥"
(मानस०, अयो० ९४/२)

'मानस' के उत्तरकाण्ड में **'एषणा'** के स्थान पर 'ईषना' का प्रयोग भी शब्द-विचलन ही माना जाएगा।

महाभारतकार कहता है कि "**लोकदर्शी सर्वदर्शी भवति**"। वास्तव में पुस्तक में तो शब्द तथा शब्द का पर्यायवाची रहता है। उस शब्द का अर्थ तो लोक में रहता है। पुस्तक में '**अश्व**' या '**घोड़ा**' शब्द हो सकता है, लेकिन '**घोड़ा**' का अर्थ तो लोक में ही पाया जाता है। जब तक लोक में घोड़े को नहीं देखा जाएगा, तब तक '**अश्व**' या '**घोड़ा**' का अर्थ नहीं समझा जा सकता। अतः यह कहा जा सकता है कि शब्दार्थमर्मी, गम्भीर लोकदर्शी भी होता है।

कुछ सामासिक शब्द ऐसे होते हैं कि उनके अर्थ इतिहास या पुराण की कथा से सम्बद्ध होते हैं। जब तक वह कथा शब्दार्थ-खोजी को न मालूम होगी, तब तक उसका अर्थ ज्ञात न होगा। '**भगीरथ प्रयत्न**' ऐसा ही शब्द है।

बात सम्भवतः सन् १९६६ ई० की होगी। प्रियवर गयाप्रसाद शर्मा ने अलीगढ़ विश्वविद्यालय से एम० ए० (हिन्दी) परीक्षा उत्तीर्ण की थी। भाषाशास्त्र में प्रियवर गया-प्रसाद शर्मा की विशेष रुचि थी। सन् १९६७ ई० में प्रियवर गयाप्रसाद शर्मा मेरे सतीर्थ और परम मित्र डॉ० गोवर्धननाथ शुक्ल के संकेत पर एक दिन प्रातः मेरे पास शोध करने की इच्छा से आये और शोध-शीर्षक के विषय में बातें करने लगे। तुलसीदास के ग्रन्थों में प्रियवर गयाप्रसाद शर्मा की मुझे अधिक रुचि प्रतीत हुई। अतः मैंने पी-एच० डी० (हिन्दी) की शोध-उपाधि के लिए उन्हें विषय दे दिया—**रामचरितमानस के तत्सम शब्दों का ऐतिहासिक अध्ययन**।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में विषय स्वीकृत होने पर श्री गयाप्रसाद शर्मा ने बड़े परिश्रम से निष्ठापूर्वक निरन्तर चार वर्ष तक शोधकार्य किया। निरन्तर छह महीने श्री गयाप्रसाद शर्मा मेरे निवास-स्थान पर भी रहकर शब्द-साधना करते रहे। मैं भी उनके साथ रातों-रात जागता और शब्दों की विभिन्न अर्थच्छवियों पर विचार-विमर्श किया करता था। बहुत-सी रातें तो ऐसी बीतीं कि पता ही नहीं चला कि कब प्रातः हो गया। मेरा अपना पुस्तकालय प्रियवर गयाप्रसाद शर्मा के लिए सदैव खुला रहता था। मैं स्वयं भी तुलसीकृत 'रामचरितमानस' में महती श्रद्धा और निष्ठा रखता था और शब्दशास्त्र में मेरा मन भी रमता था। तुलसीदास मेरे भी परम श्रद्धेय हैं, इसलिए प्रियवर गयाप्रसाद के साथ शोधकार्य में मुझे भी आनन्द आता था। इस तरह आनन्द और परिश्रम से मिली हुई शब्द-साधना हम दोनों की साथ-साथ लगभग चार वर्ष तक निरन्तर चलती रही।

चार वर्ष के उपरान्त गयाप्रसाद शर्मा अलीगढ़ विश्वविद्यालय से डॉ० गयाप्रसाद शर्मा हो गये। मुझे सन्तोष है कि मैंने भी गयाप्रसाद शर्मा के शोधग्रंथ की प्रत्येक पंक्ति को पढ़ा है और अपना सुझाव दिया है।

शोधग्रंथ पर पी-एच० डी० तो मिल गयी थी, किन्तु वह ग्रन्थ किसी प्रतिष्ठित हिन्दी संस्थान से प्रकाशित हो—यह अभिलाषा मेरे मन में बनी हुई थी। मेरे परामर्श पर

एक दिन शोधग्रंथ को हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग को प्रकाशनार्थ भेजा गया। तब प्रो० उमाशंकर शुक्ल एकेडेमी के सचिव थे। बाद में प्रो० जगदीश गुप्त (अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) एकेडेमी के सचिव नियुक्त हुए। उनसे मैंने ग्रन्थ के महत्त्व पर पत्र-व्यवहार भी किया था। उनके निर्दिष्ट संकेतों को मानते हुए मूल शोधग्रंथ में से फिर एक अलग कोश तैयार किया गया। प्रस्तुत प्रकाशित ग्रन्थ (मानस के तत्सम शब्द) उसी रूप में है जिसके लिए प्रो० जगदीश गुप्त ने अपना सुझाव दिया था। इसकी मुझे प्रसन्नता है कि उनका स्नेह इस ग्रन्थ में साकार हुआ है। उस पद्धति से यह ग्रन्थ छोटा, लेकिन महत्त्वपूर्ण और उपयोगी बन गया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ से 'रामचरितमानस' के तत्सम शब्दों का अध्ययन प्रामाणिक सन्दर्भ के साथ किया जा सकता है। डॉ० गयाप्रसाद शर्मा को इस नयी कृति को नये ढंग से तैयार करने में एक बार पुनः घोर परिश्रम करना पड़ा। उनकी यह सारस्वत साधना हिन्दी-जगत् में समादृत होगी—ऐसा मेरे सारस्वत मन का ध्रुव विश्वास है।

मैं माता वीणापाणि से प्रार्थना करता हूँ कि मेरे प्रिय शिष्य गयाप्रसाद शर्मा इस सोपान-पथ से और भी दिव्य सारस्वत लोकों के दर्शन करें। उनकी शब्द-साधना निरन्तर वृद्धिगत सुषमा को प्राप्त होती रहे!

"मंगलायतनं हरिः"

"परितोष'
ए-८७, विवेकनगर
(आवास विकास कालोनी),
दिल्ली रोड, सहारनपुर—२४७०००
(उ० प्र०)

अम्बाप्रसाद 'सुमन

आत्म-निवेदन

सन् १६६६ ई० में अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से एम० ए० (हिन्दी) उत्तीर्ण हो जाने के पश्चात् मेरे मन में शोधकार्य करने की अभिलाषा जागृत हुई। सन् १६६७ में शोधकार्य की इच्छा से डॉ० गोवर्द्धननाथ जी शुक्ल से मिला। तुलसी एवं भाषाविज्ञान सम्बन्धी विषय पर ही शोधकार्य करने की मेरी रुचि थी, अतः डॉ० गोवर्द्धननाथ जी शुक्ल ने मुझे मानस-मर्मज्ञ एवं भाषावैज्ञानिक डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' से सम्पर्क करने हेतु परामर्श दिया। आज वह हमारे मध्य नहीं हैं, अतः मैं उनकी स्वर्गीय आत्मा को प्रणाम करता हूँ।

डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' ने मुझे मेरी रुचि के अनुसार "रामचरितमानस के तत्सम शब्दों का ऐतिहासिक अध्ययन" विषय शोधकार्य करने हेतु दे दिया। गुरुवर डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' के ही सतत प्रयत्न, उत्तम सुझावों एवं मार्गदर्शन में ही सन् १६७२ ई० में मुझे पी-एच० डी० की शोध-उपाधि प्राप्त हुई। इसके पश्चात् उस शोध-प्रबन्ध के प्रकाशन की इच्छा उत्पन्न हुई।

सर्वप्रथम सन् १६७७ ई० में मैंने इलाहाबाद जाकर ग्रन्थ-प्रकाशन-निमित्त प्रो० उमाशंकर जी शुक्ल (सचिव, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद) से निवेदन किया। उन्होंने ग्रन्थ एवं ग्रन्थ पर परीक्षकों से प्राप्त आख्याएँ देखकर उसकी गरिमा को स्वीकारते हुए ग्रन्थ-प्रकाशन हेतु आश्वासन दे दिया। दुर्दैव के प्रकोप से प्रो० शुक्ल जी का निधन हो गया और ग्रन्थ-प्रकाशन में व्यवधान आ गया। मैं इस वृक्ष के बीजारोपक (स्व०) प्रो० शुक्ल जी की आत्मा को प्रणाम करता हूँ।

सन् १६८० ई० में हिन्दुस्तानी एकेडेमी इलाहाबाद से मुझे एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें परीक्षकों के निर्देशानुसार ग्रन्थ-प्रकाशन की चर्चा की गयी थी। मैंने तदनुसार ही ग्रन्थ में परिवर्द्धन एवं संशोधन कर सन् १६८१ ई० में डॉ० जगदीश जी गुप्त (सचिव, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद) से मिला। उन्होंने भी शब्दों की पाद-टिप्पणियाँ जोड़ने का एक उपयोगी सुझाव दिया। इस प्रकार सन् १६८२ ई० में पूर्णतः संशोधित एवं संक्षिप्त पाण्डुलिपि की प्रति डाक द्वारा (सचिव, हिन्दुस्तानी एकेडेमी इलाहाबाद को) प्रेषित कर दी। इस अन्तराल में अनेक पत्र-व्यवहार किये गये

जिसका परिणाम निकला कि ८-३-८४ को (स० सचिव, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद का) एक पत्र आया जिसमें लिखा था कि "मानस के तत्सम शब्द" के प्रकाशन की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, शीघ्र ही प्रेस में दी जाने वाली है। इस प्रकार प्रकाशन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस ग्रन्थ के प्रकाशन में डॉ० विद्यानिवास जी मिश्र की स्नेहमयी कृपा का मैं हृदय से अत्यधिक ही आभारी हूँ।

अनेक विद्वानों एवं मित्रों का सहयोग ही पुस्तक को पाठकों तक लाने का श्रेय रहा है। उनमें आदरणीय सर्वश्री डॉ० नगेन्द्र, प्रो० देवेन्द्रनाथ शर्मा, डॉ० रामविलास शर्मा, डॉ० राकेश गुप्त, डॉ० जगदीश जी गुप्त, डॉ० रामजी पाण्डेय एवं डॉ० राजमणि शर्मा हैं। मैं इन सभी के कृपापूर्ण सहयोग का विशेष आभारी हूँ।

शोध-प्रबन्ध का लेखन श्रद्धेय गुरुवर डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' के ही आवास-स्थल पर रहकर हुआ। उस समय पूज्या गुरुमाता (श्रीमती बसंतदेवी शर्मा) का वात्सल्य-भाव एवं तीनों बहनों (श्रीमती शारदा शर्मा, श्रीमती वीना शर्मा एवं श्रीमती मधु शर्मा) का स्नेहपूर्ण व्यवहार जो प्राप्त हुआ, वह तो सर्वथा अकथनीय ही है। मैं इन सभी का हृदय से अत्यधिक ही कृतज्ञ हूँ।

स्वच्छ लेखन-कार्य करने में मेरी बेटी कु० विमलेश शर्मा, प्रिय सुपुत्र वेद-प्रकाश शर्मा, प्रिय शिष्य विजयपाल सिंह एवं प्रिय शिष्य दीवानसिंह का पूर्ण सहयोग रहा है, अतः मैं वीणापाणि से उनकी मंगल कामना करता हूँ तथा उन्हें आशीर्वाद देता हूँ।

अनेक प्रकार की बाधाओं एवं संकट की घड़ियों में मेरी पत्नी (श्रीमती रेशमदेवी शर्मा) ने रह-रह कर बार-बार जो साहस बढ़ाया, वह तो अर्धाङ्गिनी के कर्तव्य से परे ही है, अतः मैं उनके इस ऋण से उऋण नहीं हो सकता।

श्रद्धेय गुरुवर डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' ने प्रस्तुत ग्रन्थ की महत्त्वपूर्ण एवं सारगर्भित भूमिका लिखकर ग्रन्थ में चार चाँद ही लगा दिए हैं। जिनके चरणों में बैठकर ही ज्ञान की ज्योति जगी, उन्हीं गुरुवर को यह ग्रन्थ सादर समर्पित है।

'मानस के तत्सम शब्द' ग्रन्थ के प्रकाशनोपरान्त हिन्दी जगत् को इस ग्रन्थ से कितना लाभ होगा, इसका तो मूल्यांकन सुधी पाठक ही कर सकेंगे। ग्रन्थ में जो अर्थच्छवियाँ, पादटिप्पणियाँ, विभिन्न शब्दों के अर्थों, वैदिक काल से आज तक, के अर्थ-परिवर्तन की दिशाएँ तथा शब्दार्थों की आवृत्तियाँ प्रस्तुत की गयी हैं, उनमें गुरुवर डॉ० अम्बाप्रसाद जी 'सुमन' की ही विशेष वात्सल्यमयी कृपा का सुफल है, अतः मैं उनका आजीवन ऋणी ही रहूँगा। केवल इतना ही "त्वदीयं वस्तु गोविन्द: तुभ्यमेव समर्पये" कहकर परमेश से उनके सपरिवार को स्वस्थ एवं सानन्द रखकर दीर्घायु की कामना एवं प्रार्थना करता हूँ।

यह ग्रन्थ हिन्दी के मनीषी विद्वानों एवं पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है। यदि इस ग्रन्थ के अवलोकन के उपरान्त वे मुझे कोई मान्य सुझाव देंगे, तो ग्रन्थ के आगामी संस्करण में उसे पूर्ण करने का प्रयास किया जावेगा।

आहूजा कम्पाउण्ड, — दयाप्रसाद शर्मा
रेलवे रोड, शिकोहाबाद
महाशिवरात्रि, सं० २०४२

मानस के तत्सम शब्द

अकथनीय : जिसका वर्णन न किया जा सके।

"अकथनीय दारुन दुखु भारी"—१/५८/१

अकलंकता : निष्कलंकता।

'अकलंकता कि कामी लहई"—१/२६६/३

अकाम : निष्काम।

"जोगी जटिल अकाम मन"—१/६७/-

१/७५/२, १/८८/३, ३/५/६, ३/३१ छं० २, ६/२/३, ७/२८/५, ७/११६/१३

निःस्वार्थ।

"सो एक राम अकाम हित"—७/१२८ छं० ३

अकाल : बिना ऋतु के।

"जिमि अकाल के कुसुम भवानी"—३/२३/८

अकिंचन : निर्धन।

"परम अकिंचन प्रिय हरि केरे"—१/१६०/३

सर्वत्यागी।

"अचल अकिंचन सुचि सुख धामा"—३/४४/७

अकुंठ : निर्बाध।

"मति अकुंठ हरि भगति अखंडा"—७/६२/१

अकुल : कुलहीन।

"अकुल अगेह दिगंबर ब्याली"—१/७८/६

अकंटक : निष्कंटक।

"भये अकंटक साधक जोगी"—१/८६/८

अखिल : समस्त।

"अखिल लोक बिश्राम"—१/१८१/-

१/१८६/६, १/२०८ ख/-, २/२६३/-, ४/१/-, ५/४१/२, ५/५६/५, ६/८५/८, ६/१०६ छं०, ७/२८/८, ७/७१/४, ७/८६/७, ७/८१/२

अखंड : जो टूटा न हो।

"लागि समाधि अखंड अपारा"—१/५७/८

१/१४३/४, १/२०१/-, ३/१२/१२, ५/५६ क/-

वियोगरहित ।

"उमा एक अखंड रघुराई"—६/६०/१८

६/११० छं०, ७/७१/४, ७/७७/४, ७/११०/४

अखंडित : अटूट ।

"सोह गुन गृह बिग्यान अखंडित"—७/४८/७

अग : अचर ।

"अग जगमय सब रहित बिरागी"—१/१८४/७

६/३५/८, ६/५४/२, ६/१०३/१३, ७/१ छं०, ७/१२ छं० २

७/५९/५, ७/९३/७

जड़ ।

"अग जग मोहई"—३/३१ छं० ३

अगम : जानने में कठिन ।

"उभय अगम जुग सुगम नाम तें"—१/२२/५

१/३८/-, १/१४८/३, १/१४८/४, १/१५६/८, १/१६२/३,

१/१६३/८, १/१७८/६, १/३५८/६, २/८७/७, २/१०४/५

२/१२०/-, २/१३६/-, २/२२५/-, २/२३२/३, २/२४०/१,

२/२४०/५, २/२४९/७, २/२८८/१, २/२९३/२, २/३०९/६,

२/३२५छं०, ३/३१छं०४, ३/४१/१, ५/३३/-, ७/४४/३,

७/७३ ख

न चलने योग्य ।

"मारग अगम भूमिधर भारे"—२/६१/६

२/६१/७

पहुँच के बाहर ।

"लागि अगम अपनी कदराई"—२/७१/१

अगरु : अगर का पेड़ ।

"अगरु प्रसंग सुगंध बसाई"—१/९/९

अगाध : अथाह ।

"अकथ अगाध अनादि अनूपा"—१/२२/१

१/१६६/८, २/४६/७, २/६१/७, ३/३९ ग/-, ५/४९/६,

६/२७/४, ७/१३छं० ५, ७/९१/१

गूढ़ ।

"अति अगाध जानहिं मुनि ग्यानी"—६/११३/३

अगेह : गृहहीन ।

"अकुल अगेह दिगंबर ब्याली"—१/७८/६

अगोचर : अनिर्वचनीय ।

"बचन अगोचर सुख अनुभवहीं"—२/१०७/४

२/१२२/७, २/१२६/-

जो जाना न जा सके ।

"मन क्रम बचन अगोचर जोई"—१/२०२/५

परे ।

"मन बुद्धि बर बानी अगोचर"—१/३२२ छं० २

अग्र : आगे ।

"चली अग्र करि प्रिय सखि सोई"—१/२२८/८

अघ : पाप ।

"अघ अवगुन धन धनी धनेसा"—१/३/५

१/३/८, १/५/१, १/१५/३, १/२८/१, १/२८/६, १/४१/-, १/५७/४, १/१०३/७, १/११८/३, १/१५३/-, १/२२२/५, २/२०/-, २/१४३/५, २/१६१/४, २/१६६/५, २/१६६/६, २/१७३/८, २/१८३/८, २/२००/५, २/२१०/२, २/२११/३, २/२३३/-, २/२४७/२, २/२४८/३, २/२६०/६, २/२८७/३, ३/३६/-, ३/४१/८, ४/१/सो०१, ४/३० ख/-, ५/३८/७, ५/४३/२, ५/५८/५, ६/३०/४, ६/१०८/४, ६/११८/७, ७/२०/३, ७/२८/८, ७/३०/४, ७/३२/७, ७/४०/४, ७/५०/३, ७/८१/२, ७/१०६ख/-, ७/१११/६, ७/१११/७, ७/१११/१०, ७/१२०/६, ७/१२०/२२, ७/१२३/८, ७/१२५/३

अघटित : असम्भव ।

"तिन्हहि कहत कछु अघटित नाहीं"—१/११४/६

अमिट ।

"काल करम गति अघटित जानी"—२/१६४/६

अचर : न चलने वाला ।

जे सजीव जग अचर जग"—१/८४/-

१/१०६/८, १/१८०/-, २/१३८/२

जड़ ।

"अचर सचर चर अचर करत को"—२/२३७/८

२/३२०/६

अचल : अटल ।

''बढ़ु बिस्वास अचल निज धरमा''—१/१/११

१/२५/५, १/३०/१०, १/६६/४, १/८६/-, १/१५२/६, २/६८/८, २/१३२/४, २/२८१/६, २/२८४/६, २/३२४/६, ४/६/२, ५/२२/१, ६/७/-, ६/८१/४, ७/६/२, ७/७२/५, ७/८५ ख/-

स्थिर ।

''मुनि मग माझ अचल होइ बैसा''—३/६/१५

६/७६/६, ७/६१/३

सुदृढ़ ।

''दीन्हिसि अचल बिपति कै नेईं''—२/२८/६

निश्चल ।

''अचल अकिंचन सुचि सुख धामा''—३/४४/७

आवागमन से मुक्त ।

''होइ अचल जिमि जिव हरिपाई''—४/१३/८

अचेत : बेहोस ।

''जल बिनु भयउ अचेत''—१/१५७/-

२/७६/-, ६/१०० छं० ५

नासमझ ।

''तब अति रहेउँ अचेत''—१/३० क/-

अचंचल : स्थिर ।

''भए बिलोचन चारु अचंचल''—१/२२६/४

अज : अजन्मा ।

''अज सच्चिदानंद पर धामा''—१/१८/३

१/५०/-, १/८६/३, १/१०७/८, १/११५/२, १/१४०/२, १/१६८/-, १/२०५/-, ३/२६/१७, ३/३१ छं०, ४/२५/१२, ५/३८/२, ६/१०६/६, ६/११० छं०, ७/२५/-, ७/२६/८, ७/३३/४, ७/७१/३, ७/८५ क/-, ७/११०/३

ब्रह्मा ।

''लगन बाचि अज सबहिं सुनाई''—१/६०/७

१/२१० छं०, ३/५/५, ४/२५/-, ५/२२/८, ५/४५/१०, ५/५६ क/-, ६/१४/१, ६/१५ [illegible]/-, ६/१०४/२, [illegible]

७/१२ छं० ४, ७/१४/८, ७/३४/७, ७/१०५/४, ७/२१/१२, ७/१२३/३

बकरा ।

"कहुँ महिष मानुप धेनु खर अज' — ५/२ छं० ३

अजगर : एक प्रकार का सांप ।

'बैठ रहेसि अजगर इव पापी"—७/१०६/७

अजय : अजेय ।

"खल अति अजय देव दुखदाई" १/१६८/५

५/१२/३, ६/७४/२, ६/७५/१३, ६/१११/३

दुर्जय ।

"महा अजय संसार रिपु"—६/८० क/-

अजर : जरारहित ।

"अजर अमर सो जीति न जाई"—१/८१/७

५/१६/३, ६/८८/४

अजा : प्रकृति ।

"अजा अनादि शक्ति अविनासिनि"—१/९७/३

अजित : अजेय ।

"निर्गुन ब्रह्म अजित अज जानहु"—४/२५/१२

५/३८/२, ६/५४/५, ६/१०८/६

अजिन : पेड़ की खाल ।

"अजिन बसन फल असन"—२/२११/-

अजिर : आँगन ।

"कवि उर अजिर नचावहिं बानी"—१/१०४/६

१/१११/४, १/२०२/५, ७/२६ छ०, ७/७५ क/-, ७/७५/४, ७/७६/८

मैदान ।

"जिन्ह रन अजिर निसाचर मारे" —१/२२०/४

अटन : भ्रमण करना ।

"चले राम बन अटन पयादे"— २/३१०/३

अट्टहास : जोर से हँसना ।

"अट्टहास करि गर्जा '—५/२५/-

६/३९/४, ६/७२/-

अति : अत्यन्त ।

"मज्जहिं अति अनुराग"—१/२/-

१/७/७, १/७/११, १/८/१, १/१० क/-, १/११/-,
१/११/६, १/११/१२, १/१३/-, १/१४ ख/-, १/१५/१,
१/३० क/-, १/३४/३, १/३७/३, १/३७/६, १/३७/८,
१/३८/-, १/४३/१, १/४३/६, १/४४/६, १/५३/२,
१/५८/७, १/७३/२, १/७५/८, १/७६/८, १/८६/२,
१/८६ छं०, १/९२/४, १/९९/३, १/१०१/६, १/१०२/-,
१/१०३/-, १/१०४/३, १/१०८/-, १/१०८/३, १/११०/३,
१/११३/५, १/११८/५, १/१३४/८, १/१३६/३, १/१३७/२,
१/१३८/२, १/१४२/२, १/१४८/-, १/१४८/४, १/१५२/-,
१/१६१/८, १/१७३/४, १/१७८क/-, १/१८३/-, १/१८५ छं०,
१/१९१ छं०, १/१९४/७, १/२०१/३, १/२०८/१, १/२०७/१,
१/२०७/६, १/२१० छं०, १/२१० छं०, १/२१० छं०, १/२१० छं०,
१/२१२/७, १/२१५/५, १/२१८/२, १/२१८/५, १/२२१/८,
१/२२४/-, १/२२८/७, १/२५१/-, १/२५३/५, १/२५६/३,
१/२६२/३, १/२६४/८, १/२६९/३, १/२६९/५, १/२७१/६,
१/२७७/३, १/२७८/१, १/२८०/-, १/२८२/२, १/२८४/३,
१/२८७/-, १/२९३/-, १/२९४/४, १/२९४/५, १/२९६/८,
१/३००/५, १/३००/८, १/३०५/२, १/३१६/२, १/३१६छं०,
१/३२२छं०१, १/३२६छं०२, १/३२८/१, १/३३३/६, १/३३५/१,
१/३४०/-, १/३४५/२, १/३५२/१, २/७/३, २/२०/५,
२/३२/४, २/४०/१, २/४४/७, २/५०/७, २/५२/-,
२/५२/३, २/५२/५, २/५७/१, २/५७/८, २/६९/२,
२/७६/२, २/७७/-, २/७७/३, २/८०/३, २/८०/४,
२/८७/३, २/८९/३, २/९३/५, २/९३/५, २/१००/७,
२/१०४/४, २/१०६/-, २/१०६/३, २/११४/२, २/११५/४,
२/११७/-, २/१३४/५, २/१३८/३, २/१४०/२, २/१४७/१,
२/१६०/७, २/१६१/७, २/१६४/१, २/१९०/६, २/१९३/१,
२/१९८/-, २/२०७/४, २/२०८/३, २/२२६/३, २/२३०/-,
२/२३२/३, २/२३६/-, २/२४४/३, २/२४४/५, २/२४६/-,
२/२४६/४, २/२४६/६, २/२५१/१, २/२६२/१, २/२६६/-,
२/२७१/२, २/२८९/७, २/२९३/२, २/२९६/६, २/२९९/८,
२/३०८/४, २/३०९/६, २/३०९/७, ३/०/२, ३/१/-,

३/१/१४, ३/४/८, ३/६/२, ३/७/-, ३/१०/१४,
३/१३/२, ३/१५/६, ३/१५/८, ३/१५/९, ३/१६/१,
३/१८/१४, ३/१९छं०४, ३/२२/-, ३/२३/७, ३/२४/-,
३/२५/८, ३/२६/२, ३/२६/४, ३/२८/१७, ३/२९/१६,
३/३०/३, ३/३२/१, ३/३४/-, ३/३४/१, ३/३४/३,
३/३८क/-, ३/३९ख/-, ३/४०/१, ३/४२ख/-, ३/४२/१,
३/४३/-, ४/०/३, ४/६/११, ४/९/१, ४/१०/४,
४/११/४, ४/१२/१, ४/१२/६, ४/१९/२, ४/२०/३,
४/२५/१३, ४/२७/४, ४/२८/३, ४/२८/५, ५/२/११,
५/३/-, ५/४/६, ५/५/७, ५/१२/१, ५/१३/१,
५/१९/६, ५/२०/२, ५/२१/९, ५/३०/८, ५/३२/३,
५/३२/५, ५/३३/१, ५/३५/६, ५/४४/६, ५/४५/६,
५/४६/७, ५/४७/-, ५/४९/६, ५/५१/१, ५/५२/४,
५/५६/५, ५/५७/३, ५/५९/-, ६/१/२, ६/६/८,
६/९/४, ६/९/७, ६/१२/५, ६/१७/९, ६/२६/६,
६/२८/-, ६/३०/२, ६/३०/२, ६/३१/१, ६/३१/५,
६/३६/४, ६/३७/२, ६/३८/९, ६/३९/१, ६/४०/४,
६/४५/११, ६/४७/५, ६/४७/६, ६/५३/२, ६/५८/-,
६/६०/९, ६/६१/१, ६/६१/५, ६/६४/१०, ६/६५/७,
६/६८/२, ६/६८/५, ६/७१/१०, ६/७७छं०, ६/७७छं०,
६/७८/५, ६/८१/४, ६/८१छं०, ६/८४/-, ६/८५/१,
६/८६/१, ६/९०छं०, ६/९३/१, ६/९४/३, ६/९८छं०,
६/९९/२, ६/९९छं०, ६/१०१/९, ६/१०१छं०, ६/१०१छं०,
६/१०२छं०, ६/१०२छं०, ६/१०६छं०, ६/१०८छं०१, ६/१०८छं०२,
६/१०९/९, ६/११०/-, ६/१११/-, ६/१११/४, ६/११२छं०,
६/११२छं०, ६/११२छं०, ६/११३।३, ६/११८।४, ६/११९।९,
७/०४/-, ७/०/६, ७/१/१, ७/१छं०, ७/२/१०,
७/३क/-, ७/४ख/-, ७/४/३, ७/४छं०/१, ७/५छं०,
७/६/१, ७/६/८, ७/७/३, ७/१३छं०६, ७/१५/५,
७/१६/-, ७/१६/२, ७/१७ख/-, ७/१८/६, ७/१९ग/-,
७/२२/१०, ७/२४/१, ७/२४/७, ७/२५/६, ७/२६/४,
७/२७/५, ७/३०/१, ७/३३/३, ७/३४/१, ७/३५/-,
७/३९/४, ७/५१/८, ७/५३/-, ७/५४/३, ७/५५/३,

७/५८/४, ७/५६/२, ७/६०/८, ७/६३/३, ७/६८ख/-, ७/६८/१, ७/६८/३, ७/६८/४, ७/६६क/-, ७/६६ख/-, ७/७३ख/-, ७/७३/७, ७/७६/६, ७/७६/४, ७/८१क/-, ७/८३ख/-, ७/८५/६, ७/८५/१०, ७/८७/२, ७/८७/६, ७/६१ख/-, ७/६१छं०, ७/६१छ०, ७/६२/२, ७/६४क/- ७/६४/२, ७/६५क/- ७/१०३/७, ७/१०५ख/-, ७/१०५/८, ७/१०६/२, ७/१०७क/- ७/११०ख/-, ७/११३/६, ७/११८क/- ७/११८/३, ७/१२०/८, ७/१२०/३५, ७/१२२/५, ७/१२३क/- ७/१२७/६, ७/१२८/४, ७/१२६छं०१

बहुत ।

"स्याम सुरभि पय बिसद अति" —१/१०ख/-

१/४६/१, १/५१/१, १/५२/२, १/५४/५, १/७७/४, १/७६/२, १/८२/७, १/८८/२, १/६०/१, १/६२/८, १/६२छं०, १/६४/३, १/६५/५, १/६८/२, १/६८छं०, १/१०३/१, १/१०५/४, १/१०६/३, १/१०६/३, १/१२४/२, १/१२६/-, १/१३१/१, १/१३१/५, १/१३२/६, १/१३३/५, १/१३४/५, १/१३४/८, १/१४३/-, १/१४६/४, १/१५६/६, १/१५६/८, १/१६१/४, १/१६६/२, १/१६८/१, १/१७४/-, १/१७७/८, १/१६०/२, १/१६५/३, १/१६८/५, १/१६८/७, १/१६८/६, १/२०३/१, १/२०३/७, १/२०५/३, १/२०६/३, १/२०६/४, १/२२३/२, १/२३३/४, १/२४६/५, १/२५६/८, १/२८२/७, १/२८६/८, १/३१२/६, १/३१५छं०, १/३२०/७, १/३३५/८, २/६/६, २/१३/३, २/२६/८, २/६२/२, २/८२/-, २/६८/४, २/१०६/३, २/१११/४, २/११८/१, २/१२१/३, २/२०७/- ४/४/६, ४/५/११, ४/७/२, ४/६छं०१, ५/०/१, ५/१/१०, ५/२/१०, ५/४/४, ५/१८/५, ५/२३/१, ५/२७/५, ५/२६/७, ५/३०/६, ५/३६/२, ५/३६/१, ५/३६/१, ५/४०/२, ६/०/४,६/१- ६/३/१, ६/८/-, ६/८/७, ६/१०/२, ६/११/६, ६/२२/४, ६/२२/६, ६/४०छं०, ६/५४/६, ६/५६/-, ६/८१/५, ६/८८छं०, ६/८६/-, ७/०१/-, ७/३/७, ७/६/६, ७/१०/१, ७/१२ग/- ७/३८/३, ७/४७/२, ७/४७/६, ७/४६/१, ७/६२/७, ७/६८/५, ७/८४/५,

७/१०४/५, ७/११०/१६, ७/११२/५, ७/११२/८, ७/१२०/३६,
७/१२२/४, ७/१२८/७

बड़ा ।

"बायस पलिअहिं अति अनुरागा"—१/४/२

१/१२/६, १/२८/१, १/३४/२, १/४४/२, १/४४/५,
१/४६/४, १/४८ख/-, १/४९/-, १/५३/-, १/५५/३,
१/६२/८, १/८२/८, १/८९/६, १/९३/-, १/१२४/१,
१/१२७/८, १/१३५/६, १/१५७/३, १/१५८/४, १/१६२/४,
१/१६३/-, १/१६५/८, १/१६९/५, १/१७१/२, १/१७७/५,
१/२०७/९, १/२२५/-, १/२२८/३, १/२५७/८, १/२६०/५,
१/२६९/-, १/२७२/-, १/३०५/६, १/३०६/४, १/३१९/१,
१/३२३/-, १/३३५/३, २/२३/७, २/६९/-, २/८५/१,
२/९५/१, २/१०५/४, २/१५३/-, २/२००/-, २/२४९/७,
२/२५०/३, २/२८५/-, ३/८/६, ३/११/१०, ३/१७/-,
३/२४/८, ३/२७/३, ४/१६/५, ५/३/८, ५/९/-,
५/१५/६, ५/२८/३, ५/५२/८, ६/४/-, ६/१०/१,
६/१५/४, ६/२२/३, ६/२४/-, ६/३१/८, ६/३४/३,
६/३७/४, ६/३७/५, ६/४२/५, ६/५०/२, ६/५८/२,
६/६१/१, ६/७०/-, ६/७१/२, ६/७३/४, ६/७४/१,
६/७४/८, ६/८३/८, ६/८८/१, ६/९१/२, ६/९१/१२,
६/९८/-, ६/११८/६, ७/१५/४, ७/४१/२, ७/५४/२,
७/५५/५, ७/६३/७, ७/८२/६, ७/१०६ख/-, ७/१०९/१२,
७/११५/५

खूब ।

"अमित भूप निद्रा अति आई"—१/१६९/२

१/१६९/४, २/२८५/१, ६/४०/६

परम ।

"इन्ह कहँ अति कल्यान"—१/२०७/-

१/२२२/१

उत्तम ।

"प्रजा पाल अति बेद बिधि"—१/१५३/-

दारुण ।

"जब अति भयउ बिरह उर दाहू"—६/९९ छं०

अतिथि : मेहमान ।
"अतिथि पूज्य प्रियतम पुरारि के"—१/३१/८
१/३०९/८, १/३३४/४, २/१२४/३, २/१७१/५, २/२१२/-, २/२१३/२, २/२७९/-

अतिबल : अत्यन्त बलवान् ।
"अतिबल कुंभकरन अस भ्राता"—१/१७९/३
५/२ छं० १, ५/२ छं०२, ५/१५/८, ६/५/७, ६/१८/७, ६/९३ छं०, ६/९५ छं०

अतुल : अपार ।
"भुजबल अतुल अचल संग्रामा"—१/१५२/६
४/०/२, ५/३४/-, ६/१७/४, ६/३५/१०, ६/३७/६, ६/८७ छं०, ६/७४/३, ६/८२ छं०, ७/३२/२

अतुलित : अपार ।
"अतुलित बल प्रताप तिन्ह माहीं"—१/१८७/३
१/२०८/८, १/२४७/२, २/२१३/२, ३/१/१२, ३/१/१२, ३/१०/१५, ३/२१/७, ३/३६/१, ५/१८/३, ५/२०/९, ५/५४/२, ६/७७/८, ७/१२३/२

अथवा : या ।
"यह प्रकटें अथवा द्विजश्रापा"—१/१६५/३
७/१२८/-

अदभ्र : अपार ।
"अगुन अदभ्र गिरा गोतीता"—७/७१/५

अदेय : न देने योग्य ।
"मोरे नहिं अदेय कछु तोही"—१/१४८/८
३/४१/५

अद्‌भुत : विचित्र ।
"पालन सुरधरनी अद्‌भुत करनी"—१/१८५छं०
१/१९१ छं०, १/२०१/-, ७/८० क/-
आश्चर्यजनक ।
"करहिं भालु कपि अद्‌भुत करनी"—६/४६/७

अद्वैत : द्वैत का अभाव ।
"अज अद्वैत अगुन हृदयेसा"—७/११०/३

अधन : धनहीन ।
"तुम्ह सम अधन भिखारि अगेहा"—१/१६०/४

अधम : नीच ।
"कहहिं सुनहिं अस अधम नर"—१/११४/-
१/१२०/६, २/१४३/४, २/१७८/-, २/२०६/७, २/२२८/-,

३/४/६, ३/४/१५, ३/२८/८, ३/३२/२, ३/३४/२,
३/३४/३, ३/३४/३, ३/३४/३, ४/८/१०, ४/१०/४,
५/७/-, ५/८/८, ५/२३/३, ५/४६/७, ६/२३/११,
६/२५/१, ६/२८/६, ६/३०/७, ६/३३ ख/-, ६/७१/-,
६/७३/५, ६/८८/८, ६/१०८/१०, ६/१२० छं०२, ७/०/८,
७/४०/-, ७/१०५/६ ७/१०५/१३, ७/१२०/२०

पशु, राक्षस आदि से सम्बन्धित ।

"अधम सरीर राम जिन्ह पाए"—१/१७/२

अधमाधम : नीचतम ।

"रहु अधमाधम अधगति पाई"— ७/१०७/८

***अधर[1]** : ओठ ।

"फरकत अधर कोप मन माहीं"—१/१३५/२
१/१४६/२, १/१८८/८, १/२४२/४, २/३८/१, २/१४४/४,
६/१४/५, ६/३०/६, ७/७६/३

अधर्म : पाप

"तजि अधर्म रति धर्म कराहीं"—३/३५ छं०
७/८६ ख/-, ७/१०३/६

अधिक : विशेष ।

"मोहि ते अधिक ते जड़ मति रंका"—१/१२/८
१/१०६/५, १/१२८/-, १/१५६/१, १/१६०/७, १/१७७/८,
१/१८७/६, १/२३१/६, १/२८३/१, १/२८०/१, १/२८३/६,
१/३५८/८, १/३५८/-, १/३५८/-, २/१४/८, २/६०/५,
२/१२८/८, ३/३५/३, ३/४१/७, ४/३०ख/-, ५/३५/४,
६/७८/२, ७/७/८/, ७/१५/८, ७/८५/४, ७/११६/६,
७/११६/६, ७/११८/१६

बड़ा

"हृदयँ अधिक संतापु"—१/५६/-
१/५८/-, १/८५/७, १/२१६/५, १/२२७/६, २/२०७/७,
२/२१०/२, ७/७८/४

बहुत

"अधिक सनेहँ गोद बैठारी"—१/८५/७

---

*अधर[1] : प्रारम्भ में यह 'अधर' शब्द नीचे के ओष्ठ के अर्थ में ही प्रयुक्त होता था । आगे चलकर मानस में यह ऊपर एवं नीचे दोनों ही ओष्ठों के प्रति प्रयुक्त हो उठा है । अतः यह अर्थविस्तार की गति प्राप्त कर गया ।

२/२४३/-, २/२५४/५, २/२५५/८, २/२५९/४, २/२६३/७, २/२७८/४, ७/८३/३

अधिकार : प्रभुत्व ।
"बड़ अधिकार दच्छ जब पावा"—१/५९/७

अधिकारी : योग्य ।
"राम भक्त अधिकारी चीन्हा"—१/३०/४
१/४७/४, १/१०९/१, २/७१/२, २/१२६/८, २/१३८/२, ५/५८/६, ७/२०/४, ७/११०/२, ७/१२७/७
पात्र ।
"तेइ सुरबर मानस अधिकारी" —१/३७/२
१/१०९/२, २/७०/६, ६/१०९/११, ७/४१/८, ७/१२२/७, ७/१२७/३
अफसर ।
"अगिनि काल जम सब अधिकारी"—१/१८२/१०

अधीन : आश्रित ।
"ईस अधीन जीव गति जानी"—२/२६२/५

अधीर : आकुल ।
"बीर अधीर न होहि"—२/१९१/-
७/७४क/-

अनघ : पापरहित ।
"सुकृती चारिउ अनघ उदारा"—१/२१/६
३/४४/७, ६/१०९/६, ७/३३/२, ७/४५/६
पवित्र ।
"सुनहु राम अवतार चरित परम सुंदर अनघ"—१/१२०ग/-

अनन्य : अभिन्न ।
"गति अनन्य तापस नृप रानी"—१/१४४/५
४/३/-

अनन्यगति : जिसका दूसरा सहारा न हो ।
"सेवक प्रिय अनन्यगति सोऊ"—४/२/८

अनपायनी : अचल ।
"अनपायनी भगति प्रभु दीन्ही"—४/२४/८
७/१४क /-, ७/३४/-, ७/५१/५

निश्चल ।
"नाथ भगति अति सुखदायनी ।
देहु कृपा करि अनपायनी ।।"—५/३३/१

अनयन : बिना नेत्र का ।
"गिरा अनयन नयन बिनु बानी"—१/२२८/२

अनल : अग्नि ।
"गरल अनल कलिमल सरि ब्याधू"—१/४/८
१/६/१२, १/३२क/-, १/३४/८, १/८५छं०, १/८६/७, १/१५६/७, १/१६१क/-, २/३२/४, २/४८/-, २/१६२/३, २/३१६/७, २/२३/३, ३/४२/६, ५/४/२, ५/६/५, ५/११/३, ५/११/६, ५/११/११, ५/२५/७, ५/४६क/-, ५/५८/२, ६/१४/६, ६/२०/५, ६/२५/२, ६/२८/-, ६/८५/४, ६/१०७/१४, ६/११४/छं०, ७/३७/-, ७/८४/४, ७/१०५/१०, ७/११०/१६, ७/११६/१३, ७/१२१/१६

अनवद्य : अनिन्द्य ।
"अज अनवद्य अकाम अभोगी"—१/८६/३
६/११०छं०
निर्दोष ।
"सबदरसी अनवद्य अजीता"—७/७१/५

अनाथ : असहाय ।
"जो अनाथ हित हम पर नेहू"—१/१४५/३
२/५६/४, २/६४/१, २/२७०/-, ५/२५/५, ६/१०३/८, ७/१२३ छं० ३

अनादि : आदिरहित ।
"राम अनादि अवधपति सोई"—१/११६/६
२/६२/७, ३/२०६/४, ५/३८/२, ६/११०छं०, ७/१२छं०, ७/३३/-, ७/८५क/-, ७/६२/३
नित्य ।
"अकथ अनादि सुसामुझि साधी"—१/२०/२
१/२२/१, १/६७/३, १/१००/-

अनामय : बिकाररहित ।
"अकथ अनामय नाम न रूपा"—१/२१/२
५/३८/२, ६/१०६/६, ७/३३/१

अनायास : बिना परिश्रम के ।
"अनायास उघरी तेहि काला"—२/२८६/४
७/१०८ग/-

अनारंभ : फल की आसक्ति से कर्म आरम्भ न करने वाला ।
"अनारंभ अनिकेत अमानी"—७/४५/६

अनिकेत : बिना घर का ।
"अनारम्भ अनिकेत अमानी"—७/४५/६

* **अनिल**[1] : वायु ।
"सोइ जल अनल अनिल संघाता"—१/६/१२

अनीक : सेना ।
"रहे निज निज अनीक रुचि रूरी"—१/१८७/५
२/२०४/६, ६/६६/८, ७/२६/५

अनीति : नीतिविरुद्ध ।
"कहि अनीति ते मूदहिं काना"—१/२८२/८
७/४२/४, ७/४२/६, ७/८८/१०
अन्याय ।
"करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी"—१/१२०/७
अत्याचार ।
"बरनि न जाइ अनीति"—१/१८३/-

अनीह : जिनके कोई इच्छा नहीं है ।
"एक अनीह अरूप अनामा"—१/१२/३
१/५०/-, १/१०८/१, १/२०५/-, ३/४४/८, ७/११०/४

अनुकथन : वर्णन ।
"सुनि अनुकथन परस्पर होई"-१/४०/३

अनुकूल : मुआफ़िक़ ।
"पति अनुकूल प्रेम दृढ़"—१/१८८/-

---

* **अनिल**[1] : वायु अर्थ में मानस में निम्नांकित शब्द प्रयुक्त हैं—

अनिल,	१/६/१२,	गतिशील वायु	(Wind)
पवन,	१/६/८,	गतिशील वायु	(Wind)
प्रभंजन,	७/११७/१३,	महाप्रचण्ड वायु	(Storm)
मरुत,	१/१५६/१,	वेगवान् वायु	(Fast wind)
मारुत,	१/८६छं०,	मन्द वायु	(Breeze)
समीर,	५/५८/२,	प्रशान्त वायु	(Air)

१/१६०/-, १/२३६/- १/३१२/-, १/३४१/-. २/८/-,
२/६२/-, २/२०५/-, २/२५८/१, ७/२३/३

प्रसन्न ।

"राम रहहिं अनुकूल"—३/६क/-

५/३३/-, ७/१२४क/-

अनुग : सेवक ।

"राम अनुग जगु जाता"—२/२२६/-

अनुगामी : सेवक ।

"प्रीति परसपर प्रभु अनुगामी"—१/२०१/१

१/२८०/८, २/३/-, २/३/८, २/२२६/८, २/२६२/४

पीछे चलनेवाला ।

"सूर सुसील भरत अनुगामी"—१/१६/६

१/३४२/५, २/३१३/७

अनुग्रह : कृपा ।

"करउ अनुग्रह सोई"—१/०१/-

१/१३८/४, १/१५ /३, १/१८५छं०, १/१६७/७, १/२१०छं०,
२/२/७, २/५२/८, २/१०१/७, २/१५०/८, २/१५०छ०,
२/१६४/८, २/२०४/२, २/२६६/-, ५/६/५, ७/४३/७,
७/६८/२, ७/१०८/१०

शाप से मुक्ति ।

"साप अनुग्रह होइ जेहिं नाथ थोरेही काल"—७/१०८घ/-

अनुचर : सेवक ।

"मोहि अनुचर कर केतिक बाता"—२/२५२/५

३/२२/१, ६/३६/४

दास ।

"मैं तुम्हार अनुचर मुनिराया"—१/२७७/१

अनुचित : बुरा ।

"यह अनुचित नहिं नेवत पठावा"—१/६१/१

१/२३७/३, १/२५२/२, १/२५७/३, १/२७३/-, १/२७५/८,
१/२७७/-, १/२७७/४, १/२८४/६, २/६/७, २/६५/४,
२/६६/८, २/१७४/-, २/१७४/५, २/१७६/४, २/१७६/७,
२/२२८/७, २/२३०/३, २/२८२/७, २/२६६/६, २/३०५/७,
६/१०३/१२

अनुज : छोटा भाई ।

"भूप अनुज अरिमर्दन नामा"—१/१७५/३

१/२०४/४, १/२०६/१०, १/२०९/५, १/२११/५, १/२१७/३, १/२३०/–, १/२३१/–, १/२७८/७, २/९३/४, २/१०४/–, २/३२०/४, ३/६/२, ३/६/८, ३/८/–, ३/९/५, ३/९/२०, ३/१ /१८, ३/११/–, ३/११/८, ३/१२/१०, ३/१९/२०, ३/१७/१०, ३/२१/१०, ३/२५छं०, ३/२९/४, ३/२९/५; ३/४०/२, ३/४०/४, ४/३/७, ४/८/७, ४/१२/३, ४/१२/७, ४/२७/१, ५/१३/३, ५/१३/९, ५/३०/३, ५/३९/२, ५/४०/६, ५/४५/३, ५/५३/२, ५/५६ग्र/–, ६/२२/२, ६/२२/३, ६/५४/६, ६/५९/१, ६/६०/२, ६/६३/४, ६/६७/–, ६/८८/८, ६/१०५/१, ६/१·५/४, ६/१०६/६, ६/१११/२, ६/११२/–, ६/११२छं०, ६/११४छं०, ६/११६ग/–, ६/११६/८, ७/०३/–, ७/१/५, ७/३क/–, ७/४/३, ७/५/२, ७/११छं०१, ७/१५/६, ७/१८/१, ७/७८/५

अनुजा : छोटी बहन ।

"नहिं मानत कोउ अनुजा तनुजा"—७/१०१/५

अनुदिन : प्रतिदिन ।

"अनुदिन बढ़उ अनुग्रह तोरें"—२/२०४/२

अनुपम : उपमारहित ।

"संतसभा अनुपम अवध"—१/३९/–

१/१९२/८, ३/५छं०, ३/१५/४, ७/३३/४

अनुभव : प्रत्यक्ष ज्ञान ।

"अनुभव गम्य भजहिं जेहि संता" --३/१२/१२

३/३८/५, ७/८८/५, ७/११०/४, ७/११७/२

अनुमान : अन्दाजा ।

"सती हृदयँ अनुमान किय"—१/५७क/-

७/८३/३, ७/१११क/-

अनुसार ।

"बल अनुमान सदा हित करई"-- ४/६/५

५/५९/३

नुमोदन : समर्थन ।

"कहहिं सुनहिं अनुमोदन करहीं"—७/१२८/६

अनुराग : प्रेम ।

"सोभा अति अनुराग"—१/११/-

१/१४३/-, १/१५५/-, २/२०३/-, २/२०४/७, २/२१५/७, २/२४४/५, २/२४६/-, २/२५०छं०, ६/६०/५, ७/६१/-, ७/६३/७, ७/६९क/-, ७/८५ख/-, ७/९४ख/-, ७/११०क/-,

प्रेमपूर्वक ।

"मज्जहिं अति अनुराग"—१/२/-

आसक्ति ।

"सरग नरक अनुराग बिरागा"—१/५/८

अनुरागी : प्रेमी ।

"परम कृपाल प्रनत अनुरागी"—१/१२/५

१/१४/११, १/१११/८, १/१२२/२, १/१८५छं०, १/१९१छं०, २/१०९/८, २/१६५/२, २/२५८/५, २/३२३/८, ३/३२/३, ४/२२/७, ४/२५/१३, ५/५/८, ५/३०/४, ६/६/५, ७/०/३, ७/४९/८, ७/१०५/४, ७/१२४/५,

पालन करनेवाला ।

"जो पितु मातु बचन अनुरागी"—२/४०/७

अनुरूप : अनुसार ।

"मति अनुरूप राम गुण गावउँ"—१/११/९

१/१४१/-, १/३५२/६, ३/०/१, ५/३७/४, ६/१०१क/-, ७/७२क/-, ७/१२७/१

अनुकूल ।

"तेहि तेहि तन अनुरूप"—१/५४/-

१/३२४ छं० ४

योग्य ।

"निज अनुरूप सुभग बरु मागा"—१/२२७/६

३/१६/९

अनुसार : अनुरूप ।

"निज बिचार अनुसार"—१/२३/-, १/१२०घ/-, २/३०८/५

अनुहारी : अनुसार।

"सुकबि कुकबि निज मति अनुहारी"—१/२७/७

१/३५/२, १/२२३/७; २/७६/७, २/२५६/७, १/२७/७, २/२७३/३.

शक्ल-सूरत।

"भरत रामही की अनुहारी"—१/३१०/६

२/२२५/५, २/२३४/४

*** अनृत**[1] : झूठ।

"साहस अनृत चपलता माया"—६/१५/३

अनेक : बहुत।

"छंद प्रबंध अनेक बिधानाँ—१/८/६

१/२४/२, १/३२/७, १/३६/१५, १/५४/२, १/६१/७, १/६६/६, १/७४/१, १/८०/४, १/६८/४, १/११८/३, १/१५३/६, १/१६६/४, १/२७३/६, १/२८७/७, १/२८८/२, १/२६६/३, १/३०४/१, १/३०४/३, १/३१७/-, १/३२५/५, १/३२८/२, १/३३२/५, १/३४६/५, १/३५४/-, १/३५६/१, २/६६/-, २/६२/२, २/६८/६, २/१११/-, २/१११/३, २/१५५/१, २/१५५/४, २/१५६/-, २/१६६/२; २/१६६/३, २/२६२/२, २/२७८/-, ३/१२/६, ३/१६छं०, ३/३१छं०, ३/३६/२, ६/२३च/-, ६/२७/२, ६/३१ख/-, ६/६३/-, ६/६१छं०, ६/६८छं०, ६/१००छं०१ह, ६/१००छं०२ह, ६/११०छं०, ६/११२छं०ह, ६/११७क/-, ७/१०क/-, ७/१२छं०५, ७/२१/२, ७/२३/१, ७/२७छं०, ७/२८छं०, ७/३३/२, ७/३३/६, ७/४१/-, ७/५६/७, ७/७२ख/-, ७/७७/७, ७/८०ख/-, ७/८०/५, ७/१००ख/-, ७/११७/६, ७/११८ख/-

अनंग : कामदेव।

"अनंग बहु छबि सोहई"—३/३१छं०३

६/१०२छं०, ७/१०/८

अनंत : अन्तरहित।

"राम अनंत अनंत गुन"—१/३३/-

*** अनृत**[1] : 'ऋ' धातु से ऋत बना है। ऋत ही सत्य है क्योंकि यह गतिशील है। असत्य गतिहीन है, अतः वेद में ऋतं सत्यं ही कहा गया है। अंग्रेजी का राइट (Right) और वैदिकी का ऋत मूल में एक ही हैं।

१/११३/४, १/१३८/५, १/१४३/४, ३/३१छं०, ६/७२/११, ६/७६/४, ६/८२छ०, ६/१०७/-, ७/३३/२, ७/५१/३, ७/५१/३, ७/५१/३, ७।८०।३

शेषावतार लक्ष्मण।

"चलेउ तुरंत अनंत"—६/७५/-, ६/७५/७

भगवान् राम।

"प्रिय संत अनंत सदा तिन्ह के"—७/१३छ० ६
१/१०८/१२

अन्न : भोज्य पदार्थ।
"अन्न कनक भाजन भरि जाना"—१/१००/८
१/१६७/६, १/१७२/६, २/१७०/-, ३/२७/८, ६/२५/६, ७/१००छं०

अन्यथा : झूठा।
"नारद बचनु अन्यथा नाहीं"—१/७०/८
१/८७/२
विरुद्ध।
"करै अन्यथा अस नहिं कोई"—१/१२७/१
अन्य प्रकार।
"किएँ अन्यथा होइ नहिं"—१/१७४/-

अपकार : अहित।
"मम अपकार कीन्ह तुम्ह भारी"—१/१३८/८

अपकारी : अनिष्ट करनेवाला।
"सब बिधि सोचिअ पर अपकारी"—२/१७२/३
७/९८ ख/-, ७/१२०/१८

अपर : दूसरा।
"प्रभु सोइ राम कि अपर कोउ"—१/४६/-
१/८७/३, १/१४०/१, १/१५२/-, १/१५२/६, १/२१९/८, १/२२२/१, १/२२२/३, १/२२३/४, १/२४४/५, १/२९४/२, १/२९९/३, २/१३४/३, ३/११/१३, ३/१४/४, ३/४२ क/-, ४/२९/७, ६/४/-, ६/६१/१२, ६/८८ छं०, ६/१०२/१, ७/८३ ख/-, ७/७०/८

अन्य ।
"अपर लोक अँग अँग बिश्रामा" — ६/१४/१
६/११८ ख/-

अपराध : दोष ।
"कहइ न निज अपराध बिचारी"—१/६०/७
१/८७ छं०, १/१०१/-, १/२८१/८, २/४२/३, २/४८/६, २/२१७/४, ३/३८/१, ५/२२/-, ५/३०/४, ५/५६/६, ६/१८/६
पाप ।
"का अपराध रमापति कीन्हा"—१/१२३/७
१/१३८/३, १/१७३/५

अपराधी : दोषी।
"आगें अपराधी गुरुद्रोही"—१/२७४/६
१/२७८/४, २/१८२/३

अपार : असीम ।
"उभय अपार उदधि अवगाहा" – १/५/१
१/३१/६, १/२६३/-, १/२६८/-, ३/३६० छं०, २/१२६/-, २/३१७/-, ४/२८/-, ४/२८/३, ५/१८/-, ६/६० ख/-, ६/८६/-, ६/८८/-, ६/१०५ छं०, ६/१०८ ख/-, ६/११०छं०, ६/११२ छं०
बड़ा ।
"अति अपार जे सरित बर"—१/१३/-
१/२३/-, १/१२० घ/-
अनगिनत ।
"भरि भरि बसहँ अपार कहारा"—१ ३३२/५
६/८२/-

अपावन : अपवित्र ।
"कोउ अपावन गति धरें"—१/८२ छं०
१/२१० छं०, ६/७४/४, ७/८५ ख/-, ७/१२२/८

अपि : भी ।
"रिपु तेजसी अकेल अपि"—१/१७०/-
७/७८ क/-

अपुनीत : अपवित्र ।
"सुरसरि कोउ अपुनीत न कहई"—१/६८/७

अप्रतिहत : अपराजित ।
"अप्रतिहत गति होइहि तोरी"—७/१०८/१६

अप्रिय : अरुचिकर ।
"सुनि राजा अति अप्रिय बानो" —१/२०७/१

अबला : स्त्री ।
"अबला बिलोकहिं पुरुषमय"—१/८४ छं०
१/८६ छं०, १/८६/-, १/८६ छं०, ७/१०१/-
असहाय स्त्री ।
"जनि अबला जिमि करुना करहू"—२/३४/७
२/४७/-, २/४७/३, २/१२१/- २/२५६/२
माया ।
"अबला अबल सहज जड़ जाती"—७/१०१ छं०

अबलानन : स्त्री का मुख ।
"अबलानन दीख नहीं जब लौं"—७/१०० छं०

अबाधा : एकरस ।
"रघुपति महिमा अगुन अबाधा" —१/३६/२

अबुध : मूर्ख ।
"निपट निरंकुस अबुध असंकू" —१/२७३/२
४/१५/८, ७/२०/६

अभय : निर्भय ।
"अभय भई भरोस जियँ आवा"—१/१८६/८
१/२८३/५, ३/२१/५, ४/३/३, ४/१८/१, ४/२६/१०,
६/२०/-, ६/१०३/-, ७/२२/३

अभागी : अभागा।
"अग्य अकोबिद अंध अभागी"—१/११४/१
२/३५/८, २/४६/४, २/५०/२, २/५५/५, २/६८/३,
२/१६३/६, २/१८१/८, २/२००/५, ३/२२/३, ३/४४/३,
५/५२/५, ६/४४/६, ७/२२/८, ७/८८/४, ७/१०५/४,
७/१०८/७, ७/१२०/१५

अभाग्य : दुर्भाग्य ।
"मोर अभाग्य जिआवत ओही"—६/८८/६

अभिमत : मनोवांछित फल ।
"रामनाम कलि अभिमत दाता' —१/२६/६

१/३१/११, १/३०३/-, १/३२३ छं० २, २/३/-
इच्छित।
"अभिमत आसिष पाइ अनंदे"—२/२४१/२
२/२५५/७, २/२६७/-, २/३१८/३
मनोरथ।
"अभिमत बिरवँ परेउ जनु पानी"—२/४/५

अभिमान : घमण्ड।
"जड़ बिबेक अभिमान"—१/६८/-
३/२४/१, ४/८ छं० १, ४/२७/६, ५/२३/-, ६/१८/५, ६/३७/२, ६/११२ छं०, ७/७३/५, ७/१०१ छं०, ७/१०६ क/-
गर्व।
"अस अभिमान जाइ जनि भोरे"—३/११/२१

अभिमानी : घमण्डी।
"बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी"—१/१२०/६
१/१५७/४, १/१८०/४, १/२४४/५, ४/७/१, ४/८/१०, ४/२७/३, ५/२३/२, ५/३६/१, ५/५६/३, ६/२३/११, ६/२५/१, ६/३२/८, ६/६१/८, ६/८२/२, ७/७७/६, ७/८६/२, ७/१०६/१, ७/१२०/२५

अभिराम : सुन्दर।
"सकल लोक अभिराम"—१/७५/-
७/८/७

अभिलाष : इच्छा।
"उर अभिलाष निरंतर होई"—१/१४३/३
१/१५१/५

अभिलाषी : इच्छुक।
"रही रानि दरसन अभिलाषी"—२/१७८/२
२/२४३/२

अभिषेक : गद्दीनशीनी।
"राम राज अभिषेक हित" – २/५/-
२/६/३, २/८/२, २/१५६/७, २/३०७/-, ७/६४/-

अभीष्ट : मनचाहा, इष्ट।
"अति अभीष्ट बर पाइ"—७/३५/-

अभेद : भेदरहित ।
"अकल अनीह अभेद"—१/५०/-
६/७८/१०

अभोगी : अभोक्ता ।
"अज अनवद्य अकाम अभोगी"—१/८८/३

अमर : देवता ।
"कहहु अमर आए केहि हेतू"—१/८७/७
१/१०१ छं०, २/१३३/१, २/२१३/५, २/२८४/७
अविनाशी ।
"अजर अमर सो जीति न जाई"—१/८१/७
१/१३०/३, ६/८८/४

अमरपति : इन्द्रलोक ।
"अंत अमरपति सदन सिधाए"—२/१६०/३
२/१७४/-
देवराज ।
"मनहुँ न आनिअ अमरपति"—२/२१८/-
२/३१६/-

अमरपद : देवताओं का पद ।
"अमिअ अमरपद माहुरु मीचू"—२/२८७/६

अमरपुर : स्वर्ग ।
"बिछुरत गमनु अमरपुर कीन्हा"—२/१७८/४
२/१७८/३, २/२७८/३
अमरावती ।
"जिमि बासव बस अमरपुर"—२/१४१/-

अमल : निर्मल ।
"सोइ गुन अमल अनूपम पाया"—१/४१/७
१/१७६/-, १/१७७/-, २/१५५/१, ३/४/३, ६/७८/८,
७/२२/८, ७/५६/-, ७/११०/५, ७/११६/२
निष्काम ।
"रति होउ अबिरल अमल"—२/७४ छं०

अमान : मानहीन ।
